

वह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लीजैंड हैं और उन्होंने टीम के लिए ऊंचे मानदंड कायम किए थे। जस्टिन ने कई बडे बदलाव किए और उसे इसका श्रेय जाता है। लेकिन अब बदलाव का सही समय था। हमें ऐसे कोच की जरूरत थी जिसकी शैली नई हो जो अधिक शांत हो। - पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, पूर्व कोच जस्टिन लैंगर के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — स्मृति मंधाना



**भारत** की बल्लेबाज स्मृति मंधाना न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेलेंगी क्योंकि उन्हें मेघना सिंह और रेणुका सिंह के साथ आइसोलेशन और क्वारंटाइन सेंटर में कुछ और दिन बिताने हैं। यास्तिका ने कहा, स्मृति, मेघना सिंह और रेणुका सिंह न्यूजीलैंड सरकार द्वारा अनिवार्य (अलगाव और संगरोध) में हैं। फिलहाल हम यही कह सकते हैं। स्मृति बुधवार को खेले गए टी20 से भी चूक गईं जहां यास्तिका ने शैफाली वर्मा के साथ पारी की शुरुआत की। भारत को बुधवार को न्यूजीलैंड के हाथों 18 रन से हार का सामना करना पड़ा।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# भारत ने वेस्टइंडीज से दूसरा वनडे 44 रन से जीता, सीरीज पर कब्जा



**स्कोर बोर्ड**

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का होप बो रोच | 05 | 8 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का होल्डर बो स्मिथ | 18 | 34 | 3 | 0 |
| विराट कोहली का होप बो स्मिथ | 18 | 30 | 3 | 0 |
| लोकेश राहुल रन आउट (हुसैन/होप | 49 | 48 | 4 | 2 |
| सूर्यकुमार यादव का जोसेफ बो एलेन | 64 | 83 | 5 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर का जोसेफ बो हुसैन | 24 | 41 | 1 | 0 |
| दीपक हुड्डा का हुसैन बो होल्डर | 29 | 25 | 2 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर का ब्रूक्स बो जोसेफ | 08 | 15 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज को होप बो जोसेफ | 03 | 5 | 0 | 0 |
| युजवेंद्र चहल नाबाद | 11 | 10 | 1 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 08 | | | |

**कुल :** 50 ओवर में नौ विकेट पर 237

**विकेट पतन :** 1-9, 2-39, 3-43, 4-134, 5-177, 6-192, 7-212, 8-224, 9-226

**गेंदबाजी :** केमार रोच 8-0-42-1, अल्जारी जोसेफ 10-0-36-2, ओडियान स्मिथ 7-0-29-2, जेसन होल्डर 9-2-37-1, अकील हुसैन 6-0-39-1, फेबियन एलेन 10-0-50-1

| वेस्टइंटीज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शाई होप का सूर्यकुमार बो चहल | 27 | 54 | 3 | 0 |
| ब्रैंडन किंग पंत बो पी कृष्णा | 18 | 20 | 2 | 0 |
| डैरन ब्रावो पंत बो पी कृष्णा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| शमार ब्रूक्स को सूर्यकुमार बो हुड्डा | 44 | 64 | 2 | 2 |
| निकोलस पूरन का रोहित बो पी कृष्णा | 9 | 13 | 0 | 1 |
| जेसन होल्डर का हुड्डा बो शार्दुल | 2 | 10 | 0 | 0 |
| अकील हुसैन का पंत बो शार्दुल | 34 | 52 | 3 | 0 |
| फ़ेबियन ऐलेन का पंत बो सिराज | 13 | 32 | 0 | 0 |
| ओडीन स्मिथ का कोहली बो सुंदर | 24 | 20 | 1 | 2 |
| अल्ज़ारी जोसेफ़ नाबाद | 7 | 15 | 0 | 0 |
| केमार रोच पगबाधा बो पी कृष्णा | 0 | 6 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 14 | | | |

**कुल :** 46 ओवर में 193

**विकेट पतन :** 1-32, 2-38 , 3-52 , 4-66 , 5-76, 6-117 ), 7-159 , 8-159 , 9-193, 10-193

**गेंदबाज़ी :** मोहम्मद सिराज 9-1-38-1, शार्दुल ठाकुर 9-1-41-2, प्रसिद्ध कृष्णा 9-3-12-4, युज़वेंद्र चहल 10-0-45-1, वॉशिंगटन सुंदर 5-0-28-1, दीपक हुड्डा 4-0-24-1

अहमदाबाद, 9 फरवरी। मध्य क्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (64) और उप कप्तान लोकेश राहुल (49) की जुझारू पारियों के बाद तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (12 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां वेस्ट इंडीज को दूसरे वनडे में 44 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 237 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया और बेहतर गेंदबाजी करते हुए विंडीज को 46 ओवर में 193 रन पर समेट दिया।

मेहमान टीम वेस्ट इंडीज ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और अच्छी गेंदबाजी करते हुए शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और विराट कोहली के विकेट लेकर भारत को बड़े झटके दिए। परिणामस्वरूप मध्य क्रम पर दबाव आया, लेकिन सूर्यकुमार और राहुल ने क्रमश: पांच चौकों की मदद से 83 गेंदों पर 64 और चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 48 गेंदों पर 49 रन की जुझारू पारियां खेल कर टीम को संकट से बाहर निकाला। दोनों के बीच चौथे विकेट 91 रन की साझेदारी हुई।

राहुल के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ पांचवें विकेट के लिए भी 43 रन की साझेदारी बनाई। फिर अंत में दीपक हुड्डा के 29, वॉशिंगटन सुंदर के 24 रन और युजवेंद्र चहल के 11 रन के योगदान की बदौलत भारत 50 ओवर में नौ विकेट पर 237 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा।

नई रणनीति के तहत पंत रोहित के साथ ओपनिंग के लिए उतरे, लेकिन दोनों सलामी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर नौ के स्कोर पर रोहित के रूप में भारत का पहला विकेट गिरा। वह आठ गेंदों में पांच रन बना कर आउट हुए, जबकि 39 के स्कोर पर पंत के रूप में दूसरा विकेट गिरा, जो 34 गेंदें खेल कर 18 रन पर आउट हुए, जिसमें उन्होंने तीन चौके लगाए। पूर्व कप्तान विराट कोहली भी आज कुछ खास नहीं कर पाए और तीन चौकों के सहारे 30 गेंदों पर 18 रन पर आउट हो गए। पंत और विराट दोनों को युवा तेज गेंदबाज ओडियन स्मिथ ने आउट किया। उन्होंने सात ओवर में 29 पर दो, जबकि अल्जारी जोसफ ने 10 ओवर में 36 रन पर दो विकेट लिए।


कृष्णा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लेकर विंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोरा और फिर केमार रोच को पगबाधा कर विंडीज की पारी समेट दी। शार्दुल ठाकुर ने 41 रन पर दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुन्दर और दीपक हुड्डा को एक एक विकेट मिला। विंडीज की तरफ से शमार ब्रुक्स ने सर्वाधिक 44 रन बनाये जबकि ओपनर शाई हॉप ने 27, अकील हुसैन ने 34 और ओडीन स्मिथ ने 24 रन बनाये। विंडीज की पारी 76 रन पर पांच विकेट गंवाकर लड़खड़ा गयी थी। विंडीज ने अपना आठवां विकेट 159 के स्कोर पर गंवाया लेकिन स्मिथ ने दो जबरदस्त छक्के लगाकर भारतीयों की धड़कनें बढ़ा दीं लेकिन सुन्दर ने स्मिथ को बॉउंड्री पर विराट कोहली के हाथों कैच कराकर भारत का रास्ता साफ़ कर दिया। रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में पहली वनडे सीरिज जीती जबकि भारत की विंडीज के खिलाफ यह लगातार 11 वीं वनडे सीरीज जीत है और उसने पाकिस्तान के जिम्बाब्वे के खिलाफ 11 सीरीज जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

## 'गुजरात टाइटंस' के नाम से जानी जाएगी अहमदाबाद फ्रेंचाइजी

अहमदाबाद, 9 फरवरी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नई टीम अहमदाबाद 'गुजरात टाइटंस' के नाम से जानी जाएगी। टीम प्रबंधन ने बुधवार को कप्तान हार्दिक पांड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा की मौजूदगी में वर्चुअल रूप से इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह नाम गुजरात की समृद्धि और महत्वाकांक्षी भावना को प्रदर्शित करता है। अहमदाबाद टीम के मालिक सीवीसी कैपिटल के साझेदार सिद्धार्थ पटेल ने एक बयान में कहा, हम नीलामी की तरफ बढ़ रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि हम एक बेहतरीन टीम खड़ी कर सकेंगे। हम ऐसे खिलाड़ियों का समूह चाहते हैं जो ना सिर्फ क्रिकेट में कुशल हो, बल्कि इस खेल का टाइटन बनने के लिए भी प्रेरित हो। हम अपने खेल से भारत और दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को अपना बनाना चाहते हैं।

## रोहित, विराट वनडे रैंकिंग में अपने-अपने स्थानों पर बरकरार

दुबई, 9 फरवरी। भारत की सफेद क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली बुधवार को जारी आईसीसी की ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिग में क्रमश: तीसरे और दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ रविवार को पहले वनडे मैच में खेली 60 रन की पारी के बाद रोहित शर्मा के 807 अंक हो गए हैं और वह विराट कोहली के और करीब आ गए हैं, जो 828 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम हालांकि 873 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक 783 अंकों और ऑस्ट्रेलिया के वाइट बॉल कप्तान आरोन फिंच 779 अंक के साथ क्रमश: चौथे और पांचवे स्थान पर मौजूद हैं। आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फिलहाल कोई बदलाव नहीं हुआ है। स्टार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 686 अंकों के साथ सातवें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि 737 अंकों के साथ न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का शीर्ष स्थान पर कब्जा कायम है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड 709 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के क्रिस वोक्स और अफगानिस्तान के मुजीब-उर-रहमान क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज हैं।



**जयपुर पोलो सत्र में खेले जा रहे एसएमएस गोल्डवास कप बुधवार को तीन मैच खेले गए। पहले मैच में सहारा वारियर्स ने वी पोलो को साढ़े पांच के मुकाबले सात गोल से हराया। दूसरे मैच में लॉस पोलिस्ट्स पोलो ने कृष्णा पोलो को 7-6 से हराया। तीसरे मैच में सोना पोलो ने अचीवर्स विश्वा समुद्रा को 7-6 से हराया।**

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे शाकिब अल हसन

ढाका, 9 फरवरी। बंगलादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मार्च-अप्रैल में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे। क्रिकबज के मुताबिक शाकिब टेस्ट सीरीज से पहले होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध होंगे और बाद में आईपीएल में शामिल होंगे, अगर उन्हें टूर्नामेंट के लिए किसी भी फ्रेंचाइजी द्वारा चुना जाता है।

बीसीबी के क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने बुधवार (9 फरवरी) को क्रिकबज को बताया, शाकिब निश्चित रूप से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच खेलेंगे, हालांकि उन्होंने टेस्ट श्रृंखला के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में कुछ नहीं कहा है। क्रिकबज ने इससे पहले बताया था कि बीसीबी ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि उनका स्टार ऑलराउंडर आठ से 23 मई तक आईपीएल से बाहर रहेगा, क्योंकि बंगलादेश को उस समय श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलने हैं, जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

## एशवेल प्रिंस ने बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच पद से दिया इस्तीफा

ढाका, 9 फरवरी। बंगलादेश पुरुष क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच एशवेल प्रिंस ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। चौधरी ने क्रिकबज को बताया, एशवेल ने इस्तीफा दे दिया है। हमें उनका इस्तीफा पत्र मिल गया है। नतीजतन एशवेल आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए बंगलादेश टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रिंस इस भूमिका में पिछले साल बंगलादेश टीम के साथ जुड़े थे। भले ही उन्हें शुरुआत में केवल जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला के लिए साइन किया गया था, लेकिन बाद में बीसीबी ने उनके अनुबंध का विस्तार करने का फैसला किया जो इस साल ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप तक चलने वाला था। अपने अनुबंध का विस्तार न करने का फैसला लेने वाले प्रिंस बंगलादेश कोचिंग पैनल के दूसरे सदस्य हैं। इससे पहले ओटिस गिब्सन ने हाल ही में बंगलादेश सेट-अप से बाहर निकलने का विकल्प चुना था। समझा जाता है कि प्रिंस के इस्तीफे के पीछे जेमी सिडन्स को राष्ट्रीय सेट-अप में बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त करने के बीसीबी के फैसले ने बड़ी भूमिका निभाई है।

## एंडरसन और ब्रॉड की विंडीज दौरे से छुट्टी

लंदन, 9 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन की भड़ास अब टीम प्रबंधन से ड्रेसिंग रूम तक पहुंच गई है। इसके चलते टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले अनुभवी तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को आगामी वेस्ट इंडीज दौरे से बाहर कर दिया गया है।

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अंतरिम क्रिकेट निदेशक एंड्रयू स्ट्रॉस ने हालांकि कहा है कि इस निर्णय का मतलब यह नहीं है कि यह दोनों खिलाड़ियों के करियर का अंत है। स्ट्रॉस ने एक विज्ञिप्त में कहा, नए चयनकर्ता ने टेस्ट कप्तान जो रूट से जानकारी ली थी और वह ऑस्ट्रेलिया में मिली हार के कारण एक सीमा रेखा खींचना चाहते थे। अनुभवी जोड़ी के दीर्घकालिक भविष्य के बारे में फैसला करना स्थायी प्रबंध निदेशक और मुख्य कोच पर निर्भर करेगा। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संबंध में मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों के रूप में यह उनके करियर का अंत नहीं है।

स्ट्रॉस ने कहा, हमें लगता है कि कुछ रोमांचक नई गेंदबाजी क्षमता को देखना और अन्य खिलाड़ियों को कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी देना महत्वपूर्ण है जो पहले खेल चुके हैं। एंडरसन और ब्रॉड इंग्लैंड के सेट-अप में जो गुणवत्ता और अनुभव लाते हैं, उस पर किसी को संदेह नहीं है। यह नए प्रबंध निदेशक और स्थायी मुख्य कोच पर निर्भर करेगा कि वे इस गर्मी और उसके बाद टीम में शामिल होंगे या नहीं। इस टीम का यह चयन एक नई प्रक्रिया की शुरुआत है और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट को वहां वापस लाने के लिए एक यात्रा है, जहां इसे होना चाहिए और अब कड़ी मेहनत शुरू होगी।

**वेस्ट इंडीज दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम :** जो रूट (कप्तान), जैक क्रॉली, ओली पोप, साकिब महमूद, एलेक्स लीज, बेन फोक्स (विकेटकीपर), मार्क वुड, क्रिस वोक्स, मैथ्यू पार्किंसन, जॉनी बेयरस्टो, ऑली रॉबिन्सन, मैथ्यू फिशर, डैन लॉरेंस, क्रेग ओवर्टन, जैक लीच, बेन स्टोक्स।

एंड्रयू स्ट्रॉस, पॉल कॉलिंगवुड और जेम्स टेलर के अंतरिम चयन पैनल ने वेस्ट इंडीज दौरे के लिए युवा खिलाड़ियों को मौका देने का निर्णय किया है, जिसमें साकिब महमूद और मैथ्यू फिशर जैसे तेज गेंदबाजों की अनकैप्ड जोड़ी शामिल है।

## क्वारंटीन प्रबंधन उपलब्ध न होने से ऑस्ट्रेलिया ने रद्द किया न्यूज़ीलैंड दौरा

मेलबोर्न, 9 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया का तीन टी-20 मैचों के लिए मार्च में होने वाला न्यूजीलैंड का दौरा रद्द कर दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। न्यूजीलैंड प्रशासन ने कहा है कि उनके पास ऑस्ट्रेलियाई टीम के क्वारंटीन प्रबंधन के लिए जगह नहीं है। इसके बाद दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड ने आपसी सहमति से इस दौरे को रद्द करने का फैसला किया है। तीन मैचों की यह टी-20 सीरीज मार्च के मध्य नेपियर में खेली जानी थी। समझा जाता है कि ऑस्ट्रेलिया का यह दौरा इसी बात पर निर्धारित हुआ था कि न्यूजीलैंड सरकार अपने पड़ोसी देश ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के लिए क्वारंटीन नियमों में कुछ ढील देगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ चार सीमित ओवर के मैचों को भी रद्द कर चुका है, जो 30 जनवरी से शुरू होने थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने इस बारे में कहा, सीमा प्रतिबंधों के कारण यह दौरा रद्द करना लगभग अनिवार्य हो गया था। जब हमने यह दौरा निर्धारित किया था तब हमें उम्मीद थी कि शर्तें पूरा करने वाले लोगों के लिए ट्रांस-तस्मान बॉर्डर खुल जाएंगे, लेकिन कोरोना के ओमिक्रॉन स्वरूप के कारण फिर से सब कुछ बदल गया और अब यह दौरा संभव नहीं है।

## एकमात्र ट्वंटी-ट्वंटी मैच में न्यूजीलैंड से 18 रन से हारा भारत

क्वींसटाउन, 9 फरवरी। कप्तान सोफी डिवाइन (31 रन, एक विकेट) और ली ताहुहु (27 रन, एक विकेट) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां एकमात्र टी-20 मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 18 रन से हरा दिया।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम न्यूजीलैंड को अनुभवी सलामी बल्लेबाजों सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने आठ ओवरों में पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। अच्छी शुरुआत मिलने के बाद ली ताहुहु और मैडी ग्रीन ने टीम को 20 ओवर में पांच विकेट पर 155 के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में भारत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 137 रन ही बना सका।

न्यूजीलैंड के लिए गेंद और बल्ले दोनों से शानदार रहीं ताहुहु को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने चार चौकों और एक छक्के की मदद से 14 गेंदों पर 27 रन की विस्फोटक पारी खेलने के साथ-साथ मैच में भारत की सबसे सफल बल्लेबाज रहीं सब्भिनेनी मेघना का विकेट भी लिया। कप्तान सोफी ने भी दो चौकों और दो छक्कों के सहारे 23 गेंदों पर 31 रन की पारी के अलावा एक विकेट लिया।

भारत ने 156 के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन फिर एकाएक विकेट खो दिए। स्मृति मांधना की अनुपस्थिति में शेफाली वर्मा के साथ ओपनिंग करने आईं युवा बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने दो चौकों और एक छक्के की मदद से 26 गेंदों पर 26 रन की पारी खेली और शेफाली के साथ पहले विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी की, लेकिन 41 के स्कोर पर अपना विकेट खो दिया। इसके तुरंत बाद 42 के स्कोर पर शेफाली आउट हो गईं।छह साल बाद अपना पहला टी-20 मैच खेल रहीं मेघना ने छह चौकों के सहारे 30 गेंद में 36 रन बनाए, हालांकि उन्हें दूसरे छोर से कुछ खास सहयोग नहीं मिला।

2021 में छह टी-20 मैचों में सिर्फ 121 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत का भी खराब फॉर्म जारी रहा। उन्होंने 13 गेंद में 12 रन बनाए। न्यूजीलैंड के गेंदबाज लगातार अंतराल पर विकेट लेते रहे। 101 के स्कोर पर मेघना के रूप में चौथा विकेट गिरने के बाद भारत ने 35 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए और एकमात्र टी-20 मैच जीतने का मौका गंवा दिया। भारत के लिए पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा ने दो-दो, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक विकेट लिया। भारतीय महिला टीम अब शनिवार को मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ क्वींसटाउन में पहला वनडे मैच खेलेगी।

## दूसरा वनडे मैच देखने पहुंची भारतीय अंडर-19 विश्व कप विजेता

अहमदाबाद, 9 फरवरी। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम बुधवार को यहां भारत और वेस्ट इंडीज के बीच दूसरे वनडे मैच में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्विटर पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, हमारी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम यहां अहमदाबाद में उपस्थित है। उल्लेखनीय है कि भारत शनिवार को सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में फाइनल में इंग्लैंड को चार विकेट से हरा कर पांचवीं बार आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन बना था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने अंडर-19 विश्व कप टीम के इस शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 40 लाख और सपोर्ट स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

## एफआईएच हॉकी प्रो. लीग में भारत का शानदार प्रदर्शन, फ्रांस को 5-0 से रौंदा

पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका), 9 फरवरी। टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां फ्रांस पर 5-0 की बड़ी जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 अभियान की शानदार शुरुआत की। मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हरमनप्रीत सिंह (21), वरुण कुमार (24), शमशेर सिंह (28), मंदीप सिंह (32) और आकाशदीप सिंह (41) के शानदार गोलों की बदौलत 2022 की पहली जीत दर्ज की।

भारत ने मैच में शुरुआत से ही अपनी पकड़ बनानी शुरू की। रणनीति के तहत आक्रामक तरीके से खेलते हुए भारत ने फ्रांस के डिफेंस पर दबाव बनाया, हालांकि पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। भारत दूसरे क्वार्टर में और ज्यादा आक्रामक दिखा, जिसका फायदा उसे 21वें मिनट में मिला, जब टीम के उप कप्तान एवं डिफेंडर हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। फिर 24वें मिनट में अन्य डिफेंडर वरुण कुमार ने भी पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और बढ़त को 2-0 कर दिया। भारतीय टीम यहीं नहीं रुकी और दूसरे क्वार्टर की समाप्ति के ठीक पहले 28वें मिनट में एक शानदार फील्ड गोल दाग कर स्कोर 3-0 कर दिया। यह गोल युवा फॉरवर्ड शमशेर सिंह के नाम रहा। दूसरा क्वार्टर और हाफ टाइम इसी स्कोर पर समाप्त हुआ।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भी इसी तरह से हुई, जिसमें ज्यादातर समय भारत ने फ्रांस के पाले में गेंद को कब्जे में रखा और उस पर दबाव बनाया। दूसरे हाफ की शुरुआत के दो मिनट बाद ही भारत को इसका फायदा मिली, जब अनुभवी फॉरवर्ड मंदीप सिंह ने 32वें मिनट में शानदार फील्ड गोल दाग कर स्कोर को 4-0 कर दिया और फ्रांस के मैच में वापसी करने की उम्मीद को लगभग खत्म कर दिया।

गोल की तलाश में बेताब फ्रांस ने भारत के अटैक को दूर रखने के लिए रणनीति बदली और तीसरे क्वार्टर के बाद के चरण में भारत के मुकाबले ज्यादा देर गेंद पर कब्जा रखा, हालांकि सर्कल के अंदर फ्रांस के कप्तान विक्टर चार्लेट की एक गलती ने आकाशदीप को अपने 200वें मैच में एक शानदार फील्ड गोल मारने का सुनहरा मौका दिया। 41वें मिनट में आए इस गोल के साथ भारत ने स्कोर को 5-0 कर दिया और मैच की समाप्ति तक यह सुनिश्चित किया कि फ्रांस कोई गोल न कर पाए। भारतीय टीम आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 का अपना दूसरा मैच खेलेगी।

## पहली बार डेविस कप फैन लाउंज का आज होगा उद्घाटन

नयी दिल्ली, 9 फरवरी। अगले महीने डेनमार्क के खिलाफ शुरू होने वाले डेविस कप ग्रुप 1 प्ले ऑफ मुक़ाबले के लिए ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन ने पहली बार डेविस कप फैन लाउंज तैयार किया है जिसका उद्घाटन गुरुवार को राजधानी में किया जाएगा। यह मुक़ाबला यहां दिल्ली जिमखाना क्लब के ग्रास कोर्ट पर चार और पांच मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रो स्पोर्टीफाई इस कार्यक्रम का सह-आयोजक है। इस बारे में एआईटीए के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल जैन ने कहा कि नौ फरवरी, 1900 को ब्रिटेन और अमेरिका के बीच पहली बार डेविस कप का मुक़ाबला आयोजित किया गया था।

## शीर्ष पर पहुंचने के लिए प्रयासरत केरला, जमशेदपुर के बीच होगी रोचक भिड़ंत

बैंबोलिन, 9 फरवरी। टेबल के टॉप पर पहुंचने के लिए प्रयासरत दो टीमें जमशेदपुर एफसी और केरला ब्लास्टर्स गुरुवार को यहां के एथलेटिक स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग के आठवें सीजन के एक रोचक मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगी।

पिछले मैच में जमशेदपुर को हार मिली थी। बेंगलुरू एफसी ने तीन मैचों से चला आ रहा उसका विजयी अभियान खत्म किया था। अभी यह टीम टॉप-4 से बाहर है और 22 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। इस टीम ने अभी 13 मैच खेले हैं। कोच ओवेन कोल भी मानते हैं कि एक जीत उसे फिर से ट्रैक पर ले आएगी। जमशेदपुर की तरह केरला ने भी 13 मैच खेले हैं लेकिन वह 23 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। येलो आर्मी नाम से मशहूर इस टीम ने अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को हराकर जीत की पटरी पर वापसी की थी। उस मैच में केरला के लिए एल्वारो वाजक्वेज ने अपना क्लास दिखाया था और वह एक बार फिर मजबूत जमशेदपुर के खिलाफ अपना क्लास दिखा सकते हैं।

बीते सीजन में केरल के साथ खराब बात यह थी कि वह लीड लेने के बाद अचानक गोल खाने लगती थी। बीते सीजन में इस टीम ने जीतते हुए 18 अंक गंवाए थे लेकिन अब हालात सुधरे हुए दिख रहे हैं। जमशेदपुर के लिए डेनियल चीमा चुकू ने बीते मैच में गोल करते हुए फार्म वापस पाया है और साथ ही चुकू ने कोच कोल के जनवरी में खुले ट्रांसफर विंडो के तहत उन्हें टीमें में शामिल करने के फैसले को सही साबित किया। चीमा का बेंगलुरू के खिलाफ 46 सेकेंड में किया गया वह गोल कौन भूल सकता है, जो 2021-2022 सीजन का अब तक का दूसरा सबसे तेज गोल रहा। मैच की पूर्व संध्या पर कोल ने कहा, "अब हमारे लिए यह मैच बड़ा मैच है। आप एक प्रत्यक्ष प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेल रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम एक बहुत अच्छी टीम के खिलाफ इसके लिए तैयार हैं। उनके पास एक अच्छा कोच है और कुछ अद्भुत खिलाड़ी। हमने पिछली बार उनके खिलाफ खेल ड्रा किया था। हालांकि हम जीत सकते थे।"

यह दो ऐसी टीमों के बीच भी एक लड़ाई होगी, जिनके पास कुछ बेहद रोचक खिलाड़ी हैं। जमशेदपुर के पास अगर ग्रेग स्टीवर्ट हैं तो केरल के पास एड्रियन लूना जैसे सबसे रचनात्मक खिलाड़ी हैं। केरला के कोच वुकोमनोविक ने कहा कि मैच कठिन होगा क्योंकि जमशेदपुर के पास एक अच्छी टीम है लेकिन वह और उनके खिलाड़ी लड़ने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा, "अब तक हम लड़कों और प्रशिक्षण सत्र से खुश हैं। कल की प्रतिद्वंद्वी एक कठिन टीम है। यह बहुत मुश्किल खेल होगा। जो टीम अधिक केंद्रित रहेगी वह शीर्ष पर जाएगी।" कोच ने आगे कहा, "हम प्रशंसकों के लिए लड़ना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

लाहौर, 9 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मार्च से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम की घोषणा कर दी गई है। पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने बुधवार को 16 सदस्यीय टीम और पांच रिजर्व खिलाड़ियों की घोषणा की। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज शॉन टैट टीम के तेज गेंदबाजी कोच की भूमिका जारी रखेंगे, जबकि मोहम्मद यूसुफ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा, सकलैन मुश्ताक अगले 12 महीनों के लिए टीम के मुख्य बने रहेंगे, दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच चार से आठ मार्च के बीच रावलपिंडी में खेला जाएगा, जबकि कराची 12 से 16 मार्च तक दूसरे मैच की मेजबानी करेगा और तीसरा टेस्ट 21 से 25 मार्च तक लाहौर में होगा। टेस्ट खिलाड़ी, जो मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 2022 सीजन में शामिल नहीं हैं, 16 फरवरी को कराची में नेशनल स्टेडियम में होने वाले प्रशिक्षण शिविर के लिए इकट्ठा होंगे।

**पाकिस्तान की टेस्ट टीम :** बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (उप कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, अजहर अली, फहीम अशरफ, फवाद आलम, हैरिस राउफ, हसन अली, इमाम-उल-हक, मोहम्मद नवाज, नौमान अली, साजिद खान, साऊद शकील, शाहीन शाह अफरीदी, शान मसूद, जाहिद महमूद। रिजर्व खिलाड़ी : कामरान गुलाम, मोहम्मद अब्बास, नसीम शाह, सरफराज अहमद, यासिर शाह।